**आयोजन** | महापौर, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त सहित पार्षदों की उपस्थिति में आयोजित किया राहगीरी डे का कार्यक्रम

# जनसहभागिता के बीच मनोरंजन के साथ दिया स्वच्छता का संदेश



**नवभारत,कटनी।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत रविवार को महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड स्थित फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड के सामने मुख्य मार्ग पर आयोजित राहगीरी डे व्यापक जनसहभागिता के बीच स्वास्थ्य, उत्साह, मनोरंजन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रभावी मंच बनकर सामने आया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी करते हुए स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप देना रहा। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, उमेन्द्र अहिरवार, सुरेन्द्र गुप्ता, क्षेत्रीय पार्षद अवकाश जायसवाल, संजू जीवन चौधरी, पूर्व पार्षद रचना गुप्ता सहित नगर के विभिन्न चिकित्सकों, उद्योगपतियों, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, कटनी एक्सरसाइज ग्रुप, योगा ग्रुप सहित बच्चों, युवाओं, मीडिया कर्मियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक शहर के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत योग सत्र के साथ हुई, जिसमें अधिकारी कर्मचारी, जागरूक लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजगता दिखाई। इसके बाद साइकिलिंग, मुगदर प्रदर्शन, आत्मरक्षा शस्त्र प्रदर्शन, मैजिक शो, रस्सा खींच, स्केटिंग, म्यूजिकल चेयर, पेंटिंग, रंगोली, शतरंज, कैरम, सांप-सीढ़ी, रस्सी कूद, चम्मच-नींबू दौड़, बोरा दौड़ और लंगड़ी जैसे पारंपरिक और मनोरंजक खेलों ने आयोजन को जीवंत और आनंदमय बना दिया। वहीं इको ब्रिक्स स्टॉल और एसएसजी समूह द्वारा अनुपयोगी कपड़ों से निर्मित थैले के स्टॉल ने रीसायकल से सृजन की सीख दी। राहगीरी डे में आयोजित रस्सा खींच गतिविधि में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर के विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों, चिकित्सकों और उद्योगपतियों ने सहभागिता करते हुए अपनी ताकत आजमाई जिसमें महिला वर्ग ने बाजी मारी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों, युवाओं, महिलाओं और पुरुषों ने भी रस्सा खींच गतिविधि के प्रतिभागी बने। राहगीरी डे में तेज संगीत की धुनों पर प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फिटनेस के साथ स्वच्छता का संदेश दिया। काफी संख्या में युवाओं, महिलाओं और बच्चों की सहभागिता ने आयोजन को ऊर्जावान बना दिया। जुंबा गतिविधि ने एक बार फिर नागरिकों का विशेष आकर्षण प्राप्त कर फिटनेस का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इन प्रयासों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाने का प्रयास किया गया, जिसकी उपस्थित जनसमुदाय ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान गीतांजलि कला केंद्र के प्रतिभागियों द्वारा छत्तीसगढ़ी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिसकी उपस्थित जनों ने खुलकर सराहना की। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक कार्टून कैरेक्टर गोरिल्ला और खरगोश ने भी बच्चों सहित उपस्थित राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींचते हुए उन्हें अपने साथ सेल्फी लेने मजबूर कर दिया। वहीं मैजिक, म्यूजिक शो देखकर लोगों ने तालियां बजाई। कार्यक्रम में पारंपरिक खेलों सांप सीढ़ी, पिट्टू में भाग लेकर नागरिकों ने बचपन की यादें ताजा कीं। प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न सिर्फ मनोरंजक होते हैं, साथ ही समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, निगम के स्वच्छता मित्रों को महापौर श्रीमती सूरी, निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। नगर निगम प्रशासन ने सभी नागरिकों, संस्थाओं, प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के साथ-साथ शहर में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनसहभागिता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामूहिक जागरूकता का संदेश देते हुए एक यादगार जन-उत्सव के रूप में शहरवासियों के मन में अपनी विशेष छाप छोड़ गई।

## जिले के स्वैच्छिक संगठनों की समीक्षा 28 को

**नवभारत, कटनी।** मप्र जन अभियान परिषद् के द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण के लिए दृष्टि योजनान्तर्गत पंख कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तर पर कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन मंगलवार 28 अप्रैल को दोपहर 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। बैठक के दौरान वन मण्डलाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक, किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग, जिला परियोजना समन्वयक, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, परियोजना अधिकारी उद्यानिकी विभाग, महाप्रबंधक लघु सूक्ष्म उद्योग, संचालक, सामाजिक कल्याण विभाग को अपने विभाग और योजना से संबंधित स्वैच्छिक संगठनों के साथ समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**एक नजर में**

## डीएमएफ कार्यों में नहीं चलेगी लापरवाही

**नवभारत, कटनी।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पूर्ण हुए कार्यों का पूर्णता प्रमाण पत्र भी अनिवार्य रूप से जमा किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर आशीष तिवारी ने डीएमएफ अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। बैठक के दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागवार प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। जिले में स्वीकृत 253 कार्यों में से 92 कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं, जिनका कार्यवार परीक्षण किया गया। इनमें ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 40, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 22, जल संसाधन विभाग के 5, अन्य विभागों के 25 कार्य शामिल हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन कार्य स्थलों पर अतिक्रमण की समस्या है, वहां तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही जो कार्य लंबे समय से अपूर्ण हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण किया जाए। पूर्ण हुए कार्यों के प्रमाण पत्र जारी करने में किसी भी प्रकार की देरी न हो, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। बैठक में अधिकारी मौजूद रहे।

## एमपी पीएससी परीक्षा में शामिल हुए 1058 छात्र

**संभागीय पर्यवेक्षक ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजकर 15 मिनट से शाम 4 बजकर15 मिनट तक बजे तक हुई। जिले में 1401 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे, जिनमें से प्रथम पाली में 1058 अभ्यर्थी ही उपस्थित रहे। परीक्षा की निगरानी के लिए आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक, भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक कुमार भार्गव ने सभी केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं परीक्षा के नोडल अधिकारी और एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्र शासकीय गर्ल्स कॉलेज में 300, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में 450, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 360 और शासकीय तिलक कॉलेज में 291 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र मिला है।

## बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से जनता में पैदा करें अपने प्रति विश्वास

**एसपी ने किया बहोरीबंद और बाकल थाने का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बहोरीबंद और बाकल थाने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, अभिलेख, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कार्य, शस्त्रागार सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना क्षेत्र में घटित सभी प्रकार के अपराधों के निराकरण के लिए तत्परतापूर्वक और प्रभावी कार्रवाई की जाए। लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करते हुए गंभीर अपराधों को प्राथमिकता दी जाए। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर अपराध नियंत्रण किया जाए। पुलिस अधीक्षक कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और प्रभावी गश्त करने, आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने, शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस की सक्रिय उपस्थिति करने पर विशेष जोर दिया गया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस स्टाफ को अनुशासन, व्यवहार और कार्यकुशलता में सुधार के लिए निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित थाना बाकल भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान पुरुष और महिला बंदीगृह का निरीक्षण किया गया। थाना बाकल में स्टाफ से अलग-अलग चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिए। बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और जनसहयोग बढ़ाने के लिए कहा।

## ट्रक ने ऑटो रिक्शा में मारी टक्कर, एक युवती की मौत, चार घायल

**बहोरीबंद थाना क्षेत्र के बस स्टैंड में हुआ हादसा**



**नवभारत, कटनी।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र बस स्टैंड में खड़ी एक ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार डिहुटा गांव निवासी ऑटो चालक देवसिंह यादव ने बहोरीबंद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी इलेक्ट्रिक ऑटो बहोरीबंद बस स्टैंड के पास खड़ी थी। इसी दौरान डिहुटा गांव जाने के लिए दीक्षा यादव, साक्षी यादव, पूजा बर्मन अपने बच्चों निहाल और चित्रांश के साथ ऑटो में सवार हुईं। तभी सिहोरा की ओर से गिट्टी से भरा तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में बैठी महिलाएं और बच्चे सड़क पर गिर पड़े। सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे में बहोरीबंद निवासी 17 वर्षीय साक्षी यादव पिता सरमन यादव निवासी बहोरीबंद, की रास्ते में ही मौत हो गई। बताया गया है कि साक्षी अपने मामा के यहां डिहुटा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी।

हादसे की सूचना के बाद बाद बहोरीबंद थाना पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ट्रक चालक रीवा निवासी रामविश्वास यादव है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। घायलों का इलाज किया जा रहा है। बस स्टैंड क्षेत्र में हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

## सभी किसानों को गेहूं बेचने के लिए स्लॉट सुविधा

**नवभारत, कटनी।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए शनिवार 25 अप्रैल से अब मध्यम श्रेणी और बड़े किसानों से गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। स्लॉट बुकिंग की तारीख भी 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी के लिए अब प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग और उपार्जन का कार्य जारी रहेगा। खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं जिले में 4 हजार 587 किसानों से अब तक 14 हजार 237 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है।

## शहर को स्वच्छ बनाने में करें सहयोग



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम के पूर्व के चयनित स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर के दल के सदस्यों ने निगमायुक्त तपस्या परिहार से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर ब्रांड एम्बेसडर दल के सदस्यों द्वारा पूर्व के स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान आयोजित की गई गतिविधियों तैयारियों, जन जागरूकता कार्यक्रमों और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिए गतिविधियों में सक्रिय सहयोग करें। मुलाकात के दौरान नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर आशुतोष मनके, निशा तिवारी, नीलम जगवानी सहित पूर्व प्राचार्य राजेंद्र कौर लांबा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे चल रहे वृद्ध को टक्कर मार पलटा तेज रफ्तार पिकअप

**रीठी थाना क्षेत्र में हुआ हादसा वृद्ध की हुई मौत**



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रीठी थाना क्षेत्र के थनौरा के पास रविवार दोपहर एक भीषण दुर्घटना में 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 11 बजकर 30 मिनट पर हुआ, जब बिरहुली की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन सड़क किनारे चल रहे वृद्ध को जोरदार टक्कर मारते हुए निकल गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं पलटे हुए वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ या चालक की लापरवाही इसके पीछे जिम्मेदार है।

स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर नाराजगी जताई है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इस सड़क पर सुरक्षा के उचित इंतजाम नहीं किए गए, तो ऐसे हादसे आगे भी होते रहेंगे। फिलहाल इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार से उनका सहारा छीन लिया है और इलाके में शोक का माहौल बना हुआ है।

## फांसी के फंदे में लटका मिला युवक का शव

**नवभारत, कटनी।** शहर के बस स्टैंड चौकी अंतर्गत शिवाजी नगर स्थित कोरी मोहल्ला में एक युवक का शव फांसी के फंदे में लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि शिवाजी नगर निवासी अनूप निषाद का शव फांसी के फंदे में लटका मिला। युवक मजदूरी का कार्य करता था। पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

## जानलेवा साबित हो सकता है सड़क पर खुला चेंबर

**करोड़ों की सड़क में लापरवाही हावी, ठेकेदार बेलगाम**



**नवभारत, बाकल।** जिले के बहोरीबंद क्षेत्र में स्टेट हाईवे-48 से शुक्ला कॉलोनी होते हुए बाकल जैन मंदिर तक बन रही करीब डेढ़ करोड़ रुपए की सड़क इन दिनों अव्यवस्था, लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गई है। निर्माण कार्य शुरू होते ही विवादों में आई इस सड़क की हालत बेहद खराब है और काम अधूरा छोड़ दिया गया है। कई स्थानों पर निर्माण मानकों की खुलेआम अनदेखी देखने को मिल रही है। सड़क निर्माण टुकड़ों में किया जा रहा है। कहीं सीसी रोड डाली गई है तो कहीं कच्चा, ऊबड़-खाबड़ हिस्सा छोड़ दिया गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा न तो तय मापदंडों का पालन किया जा रहा है और न ही सड़क की निर्धारित चौड़ाई रखी जा रही है। परिणामस्वरूप सड़क सर्पाकार और असंतुलित बनती जा रही है। गौरतलब है कि जहां निर्माण अधूरा है, वहां केवल सफेद डस्ट डालकर छोड़ दिया गया है। पानी का छिड़काव नहीं होने से हर गुजरते वाहन के साथ धूल का गुबार उड़ रहा है, जिससे आसपास के घरों में गंदगी फैल रही है और लोगों में सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सबसे गंभीर लापरवाही शुक्ला कॉलोनी से जैन मंदिर बाकल मार्ग पर बीड़ी दुकान के पास सामने आई है, जहां सड़क के बीच एक चेंबर बिना ढक्कन के खुला छोड़ दिया गया है। न कोई बैरिकेडिंग की गई है, न सुरक्षा जाली और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। संकरी और अधूरी सड़क से गुजरते वाहन, पैदल राहगीर और बच्चे हर पल हादसे के खतरे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय रहवासी रंजीत राय, नीरज अग्रवाल, शशांक सहित कई लोगों ने निर्माण की खामियों को लेकर कई बार विरोध दर्ज कराया है।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोकनिर्माण विभाग की निगरानी में यह कार्य डिवाइन एसोसिएट, रीवा को सौंपा गया है। निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी साफ दिखाई दे रही है। शुक्ला कॉलोनी के रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य को दुरुस्त कर सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**प्रदर्शन** | भाजपा ने आयोजित किया जनाक्रोश महिला सम्मेलन, महिलाओं ने निकाली पदयात्रा

## विपक्ष ने किया महिलाओं के अधिकार छीनने का कार्य, वक्त आने पर मातृशक्ति देगी जवाब




**नवभारत, कटनी।** कांग्रेस सहित विपक्षी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर लोकसभा में इसे गिराए जाने को लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। इसे देश की मातृशक्ति के सम्मान और अधिकारों पर सीधा आघात बताते हुए जिले की महिलाओं के नेतृत्व में जनाक्रोश महिला सम्मेलन और पदयात्रा का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने कहा कि विपक्षी दलों ने महिलाओं का हक छीनने का कार्य किया है और इसके लिए मातृशक्ति उन्हें उचित जवाब देगी। इस अवसर पर महापौर प्रीति सूरी, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी, विजयराघवगढ़ जनपद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे, श्रीमती वंदना गेलानी, अंकिता तिवारी और उषा पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सपना सरावगी पदयात्रा का आभार ऋचा गेलानी ने किया। रैली के अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल, जिला भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित विभिन्न समाज से पहुंची महिलाएं शामिल थीं। सम्मेलन के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश रैली निकाली। इससे पूर्व महापौर प्रीति सूरी ने महारानी लक्ष्मीबाई चौक स्थित झांसी की रानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रैली महारानी लक्ष्मीबाई चौक से प्रारंभ होकर सुभाष चौक तक पहुंची। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण के इस संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी मातृशक्ति इंडी गठबंधन और कांग्रेस के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। कार्यक्रम में अलका जैन प्रीति सूरी सीमा जैन सोगानी अंकिता तिवारी राजेश्वरी दुबे विजयराघवगढ़ परिषद अध्यक्ष सुनीता दाहिया सपना सरावगी वंदना गेलानी रिचा गेलानी भावना सिंह रुक्मणी बर्मन आशा कोहली नीलिमा असोढिया शमीम बानो, डॉ उषा पांडेय, मीना कश्यप, गीता गुप्ता, नीरा सेठिया, हीरामणि बरसैया, श्रेहा खंडेलवाल, शिल्पा जैन, निशा मिश्रा, संगीता जायसवाल, शकुंतला गौतम, बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, सुमित्रा रावत, प्रभा गुप्ता, रेखा संजय तिवारी, तुलसा बेन, आकांक्षा बरसैया, ज्योत्स्ना सोनी, बेबी दुबे, संगीता मेघानी, रचना गुप्ता, ममता गुप्ता, शशि शुक्ला, शशि दुबे , अल्का वर्मा, श्रीमती कल्पना दुबे , श्रीमती लता सोनी, संयोगिता पाण्डेय, भूरी यादव , मीना यादव , शिखा शर्मा, नेहा रजक, मधु अग्रवाल, शशि विश्वकर्मा, रेखा यादव, सुनीता गुप्ता, संगीता वर्मा, रजनी बर्मन, प्रीति खरे, किरण बर्मन, सपना सुहाने, सुषमा नामदेव सहित काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ.राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024